# अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम 2011 द्वारा स्थापित राज्य विश्वविद्यालय)
ग्राम मुगालिया कोट (सूखी सेवनिया) विदिशा रोड, भोपाल (म.प्र.)-462010
दूरभाष : 0755-2558606, वेबसाइट : www.abvhv.edu.in, अणुडाक : abvhvstudycenter@gmail.com


क्रमांक/अ.के./......../2025/अबिवाहिंविवि./2575 भोपाल, दिनांक 30/06/2025

## अधिसूचना

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 के लिए विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्रों के संचालन एवं प्रबंधन के लिए विभिन्न समितियों/संस्थाओं को अनुमति प्रदान की गई थी। ऐसे सभी अध्ययन केन्द्रों की सत्र 2025-26 के लिए निरंतरता हेतु एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से दिनांक 30/06/2025 से 11/07/2025 तक आवेदन पत्र शुल्क रू 30,000/- के साथ आमंत्रित किये जाते हैं। भुगतान के पश्चात् जमा किए गए आवेदन पत्र को 500/-रू के शपथ पत्र के साथ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में दिनांक 16/07/2025 तक वांछित दस्तावेजों के साथ जमा किया जाना अनिवार्य है।अध्ययन केन्द्र प्रबंधन एवं संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना क्रमांक/अबिवाहिंविवि 2022 अ.के./1013 भोपाल, दिनांक 01/04/2022 द्वारा अध्ययन केन्द्र के नियम एवं शर्ते अधिसूचित की गई है जिसकी प्रति विश्वविद्यालय की बेवसाइट **www.abvhv.edu.in** पर उपलब्ध हैं! उक्त नियम एवं शर्ते सत्र 2025-26 के लिए भी यथावत रहेगी।

स्थान परिवर्तन हेतु विश्वविद्यालय के नियम एवं शर्तो के अनुसार पृथक से आवेदन करना होगा। तत्पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा कार्यवाही की जावेगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ. क्रमांक........../अ.के./2025/अबिवाहिंविवि./2576 भोपाल, दिनांक 30/06/2025

प्रतिलिपिः-

1. माननीय कुलगुरूजी के निज सचिव के माध्यम से कुलगुरूजी की ओर सूचनार्थ।
2. माननीय कुलसचिवजी के निज सहायक के माध्यम से कुलसचिवजी की ओर सूचनार्थ।
3. आई.टी.सेल/ वेबस्थल प्रभारी, अबिवाहिंविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. परीक्षा /गोपनीय/अकादमी, अबिवाहिंविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5. आदेश पुस्तिका।

(डॉ.भरत बाथम)
निदेशक अध्ययन केंद्र

# शपथ–पत्र

मैं / हम ..................अध्ययन केन्द्र क्रंमाक.......जो समिति ........................ में समिति के / का ....................पद धारित करता हूँ / करते हैं। हम स्पष्ट करतें है कि हमने अध्ययन केंन्द्रों से संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये सभी नियम एवं शर्तो का पूर्ण रूप से अध्ययन कर लिया है मैं / हम आश्वस्त हैं कि विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय अधिनियम 2011, परिनियम, अध्यादेशों, सभी नियम एवं शर्तो तथा समय–समय पर जारी किये जाने वाले आदेशों, निर्देशों का मैं / हम पूरी ईमानदरी तथा गुणवत्ता के साथ पालन एवं अनुसरण करूंगा / करेंगे।

एतद् द्वारा मैं / हम यह घोषणा करता हूँ / करते हैं कि विगत सत्र में अध्ययन केन्द्र में निरीक्षण के दौरान भौतिक एवं शैक्षणिक संबधी जो अधोसंरचना पायी गई थी,वह अभी भी यथावत है तथा विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना क्रंमाक 2575 / 2025/ अबिवाहिंविवि, भोपाल दिनांक 30/06/2025 में जो निर्देश दिये गये है उनके अनुसार अध्ययन केन्द्र संचालित हो रहा है। मेरे / हमारे द्वारा प्रदत्त की गई जानकारी तथा संलग्न प्रपत्र मेरे / हमारे पूर्ण ज्ञान तथा विश्वास पर आधारित होकर सत्य है। यदि किसी भी प्रकार से कथन असत्य पाया जाता है, या कथन / जानकारी संदिग्ध अथवा भ्रामक पाई जाती है तो विश्वविद्यालय मेरे / हमारे ऊपर नियमानुसार विधिसम्मत कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा।

Scanned with OKEN Scanner